## खण्ड - ब

### विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है ।

**5 × 2 = 10**

पूरा का पूरा विश्व ही अंतहीन युद्धों में जकड़ा हुआ है - और इसके मार्गदर्शक बने हैं वे राजनीतिज्ञ जो सतत शक्ति की खोज में लगे हैं । यह दुनिया वकीलों, सिपाहियों और सैनिकों की दुनिया है । यहाँ प्रत्येक मनुष्य किसी न किसी के विरोध में खड़ा है और किसी सुरक्षित स्थान पर पहुँचने के लिए प्रतिष्ठा, सम्मान, शक्ति और आराम के लिए संघर्ष कर रहा है । आपके माता-पिता और आपका समाज चाहता है कि आप सुरक्षित रहें और आप स्वयं भी यही चाहते हैं । साधारणतया सुरक्षा में जीने का अर्थ है अनुकरण में जीना अर्थात भय में जीना ।

(i) पूरा का पूरा विश्व किसमें जकड़ा हुआ है और क्यों ?

(ii) यह दुनिया किनकी दुनिया है ?

(iii) प्रत्येक मनुष्य किस लिए संघर्ष कर रहा है ?

(iv) आपके माता-पिता और आपका समाज क्या चाहता है ?

(v) सुरक्षा में जीने का क्या अर्थ है ?

2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग **250 - 300** शब्दों में निबंध लिखें : *1 ×*

(i) आतंकवाद

(ii) भारतीय किसान

(iii) विज्ञान और मानव जीवन

(iv) मेरा प्रिय पुस्तक

3. स्कूल फीस जमा करने हेतु पाँच सौ रुपए की माँग करते हुए अपने पिताजी के पास एक पत्र लिखें । *5*

**अथवा**

देश की बढ़ती हुई जनसंख्या पर दो नागरिकों के बीच होनेवाले संवाद को लिखें ।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दें : *5 × 2 = 10*

(i) 'ढहते विश्वास' शीर्षक कहानी की लक्ष्मी की पारिवारिक परिस्थिति के बारे में बताएँ ।

(ii) मंगम्मा का अपनी बहू के साथ किस बात को लेकर विवाद था ?

(iii) 'श्रम विभाजन और जाति प्रथा' शीर्षक पाठ के अनुसार जातिवाद के पोषक उसके पक्ष में क्या तर्क देते हैं ?

(iv) खोखा किन मामलों में अपवाद था ?

(v) लेखक मैक्स मूलर की दृष्टि में सच्चे भारत के दर्शन कहाँ हो सकते हैं और क्यों ?

(vi) हरिरस से कवि गुरुनानक का अभिप्राय क्या है ?

(vii) कवि गुरुनानक की दृष्टि में ब्रह्म का निवास कहाँ है ?

(viii) कृष्ण को चोर क्यों कहा गया है ? कवि रसखान का अभिप्राय स्पष्ट करें ।

(ix) कवि घनानंद कहाँ अपने आँसुओं को पहुँचाना चाहते हैं और क्यों ?

(x) नेताओं के बारे में कवि बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' की क्या राय है ?

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखें ( शब्द-सीमा लगभग 100 ) :

$1 \times 5 = 5$

(i) सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

"लड़कियाँ क्या हैं, कठपुतलियाँ हैं और उनके माता-पिता को इस बात का गर्व है ।"

(ii) मैक्स मूलर ने संस्कृत की कौन-सी विशेषताएँ और महत्त्व बतलाये हैं ?

(iii) प्रथम पद के आधार पर बताएँ कि कवि गुरुनानक ने अपने युग में धर्म-साधना के कैसे-कैसे रूप देखे थे ।

(iv) रसखान रचित द्वितीय दोहे का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट करें ।

# 10th Hindi Subjective

**2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 300 शब्दों में निबंध लिखें : 1 x 10 = 10**

(i) **आतंकवाद:-** वर्तमान समय में आतंकवाद एक वैश्विक समस्या का रूप धारण कर चुका है जिसकी आग में सम्पूर्ण विश्व जल रहा है। कोई भी देश ये नहीं कह सकता कि हम आतंकवाद से पूर्णतया मुक्त है। वास्तविकता तो यह है कि कोई भी नहीं जनता कि आतंकवाद का अगला निशाना कौन तथा किस रूप में होगा। हिंसा के द्वारा जनमानस में भी अथवा आतंक पैदा कर अपने उद्देश्यों को पूरा करना ही आतंकवाद है। यह उद्देश्य किसी भी प्रकार से हो सकता है। आतंकवादी हमेशा आतंक फैलाने के नए - नए तरिके अपनाते रहे है। भीड़ भरे स्थानों, रेल - बसों इत्यादि में बम विस्फोट करना, रेलवे दुर्घटना करवाने के लिए रेलवे लाइनों की पटरियाँ उखड देना, वायुयानों का अपहरण कर लेना, बैंक डकैतियाँ, निर्दोष लोगों को बन्दी बनाकर इत्यादि कुछ ऐसी आतंकवादी गतिविधियां है, जिनसे पूरा विश्व पिछले कुछ दशकों से त्रस्त है। आज पूरा विश्व किसी - न - किसी रूप में आतंकवाद की चपेट में है। पिछले एक दशक से आतंकवादी घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। 11 सितम्बर 2001 को अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर और 26 नवम्बर, 2008 को मुम्बई में हुआ आतंकवादी हमला आतंकवाद के बढ़ते प्रभाव को चित्रित करता है। हाल ही में पाकिस्तान के पेशावर जिले

में स्थित एक आर्मी स्कूल में लगभग 150 मासूम बच्चों को निर्ममतापूर्वक मौत के घाट उतर दिया गया। सर्वाधिक चिंता की बात यह है कि जिन ताकतों या देशों ने अपने स्वार्थ के कारण किसी - न - किसी रूप में आतंकवाद को प्रोत्साहित किया है। आज वे भी आतंकवाद से लड़ने में कमजोर पद गए है, अर्थात आतंकवादी संगठनों की ताकत लगातार बढ़ती जा रही है। भारत दुनियाभर में आतंकवाद से सर्वाधिक त्रस्त देशों में एक है। इसका प्रमुख कारण इसका पड़ोसी देश पाकिस्तान है। भारत और पाकिस्तान में आरम्भ से ही जम्मू - कश्मीर राज्य विवाद का मुद्दा है एवं दोनों ही देश इस पर अपना अधिकार करना चाहते है।

**3. स्कूल फीस जमा करने हेतु पाँच सौ रुपए की माँग करते हुए अपने पिताजी के पास एक पत्र लिखें ।**

प्रिय पिताजी जी,

सादर चरण स्पर्श।

मैं यहाँ कुशलता से हूँ और आशा करता हूँ कि आप सभी घर पर स्वस्थ और प्रसन्न होंगे। मेरी पढ़ाई अच्छे से चल रही है और मैं हर विषय में पूरा ध्यान दे रहा हूँ।

पिताजी, विद्यालय में इस माह की फीस जमा करने की अंतिम तिथि निकट आ रही है। फीस पाँच सौ रुपये (₹500) है, जिसे मुझे अगले सप्ताह तक जमा करना है। आपसे निवेदन है कि कृपया मुझे यह राशि यथाशीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे मैं समय पर फीस जमा कर सकूँ।

आपका आशीर्वाद हमेशा मेरे साथ है, जिससे मैं पूरी लगन से पढ़ाई कर रहा हूँ। माँ को प्रणाम कहिएगा और छोटे भाई-बहनों को मेरा प्यार।

**4. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दें :**

5 x 2 =10

**(i)'ढहते विश्वास' शीर्षक कहानी की लक्ष्मी की पारिवारिक परिस्थिति के बारे में बताएँ ।**

कहानी में लक्ष्मी एक गरीब परिवार की महिला है, जिसके पति लक्ष्मण कोलकाता में काम करते हैं और वह घर पर बच्चों के साथ रहती है। लक्ष्मी के परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, और वह घर चलाने के लिए तहसीलदार के यहाँ छोटे-मोटे काम करती है। कहानी में, लक्ष्मी का परिवार बाढ़ और सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सामना करता है, जिससे उनकी परेशानियां और बढ़ जाती हैं।

**(ii) मंगम्मा का अपनी बहू के साथ किस बात को लेकर विवाद था ?**

मंगम्मा का अपनी बहू के साथ पोते को लेकर विवाद था। मंगम्मा अपने पोते को लेकर चिंतित थी और उसे लगता था कि उसकी बहू उसे पीटती है। वहीं, बहू का मानना था कि मंगम्मा उसके बेटे पर अधिकार जताती है, और दोनों के बीच अधिकार को लेकर भी विवाद था।

**(iii) 'श्रम विभाजन और जाति प्रथा' शीर्षक पाठ के अनुसार जातिवाद के पोषक उसके पक्ष में क्या तर्क देते हैं ?**

'श्रम विभाजन और जाति प्रथा' शीर्षक पाठ के अनुसार, जातिवाद के पोषक, जाति प्रथा को श्रम विभाजन का ही एक रूप मानते हैं और इसके पक्ष में यह तर्क देते हैं कि यह समाज में व्यवस्था और दक्षता बनाए रखने में सहायक है. उनका मानना है कि जाति के आधार पर श्रम का विभाजन, कार्यकुशलता बढ़ाता है और प्रत्येक व्यक्ति को उसकी स्वाभाविक योग्यता के अनुसार काम करने का अवसर मिलता है.

**(iv) खोखा किन मामलों में अपवाद था ?**

खोखा, "विष के दाँत" कहानी का एक पात्र है, जो कई मामलों में अपवाद था। वह अपने माता-पिता की ढलती उम्र में पैदा हुआ था, जो कि सामान्य नहीं था। इसके अलावा, उसे अपने माता-पिता से बहुत लाड़-प्यार मिला, जो उसकी बहनों को नहीं मिला था। उसे घर के नियमों का भी अपवाद माना जाता था, उसे हर तरह की छूट दी गई थी।

**(v) लेखक मैक्स मूलर की दृष्टि में सच्चे भारत के दर्शन कहाँ हो सकते हैं और क्यों ?**

लेखक की दृष्टि में सच्चे भारत के दर्शन, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में हो सकते हैं। गांधी जी भी कहते थे कि असली हिंदुस्तान तो गावों में बसता है, शहरी विकास तो बाद में आया है। सच्चा भारत तो ग्राम में ही है। गांव के लोगों में सच्चाई, प्रेम, सहयोग की भावना ग्रामीणों में ही होती है।

5. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखें (शब्द-सीमा लगभग 100):1 x 5 = 5**

(i) **सप्रसंग व्याख्या कीजिए -**

**"लड़कियाँ क्या हैं, कठपुतलियाँ हैं और उनके माता-पिता को इस बात का गर्व है ।"**

Ankush:- यह पंक्ति मन्नू भंडारी की प्रसिद्ध कहानी "लाड़ली" से ली गई है। यह कथन समाज में लड़कियों की स्थिति पर कटाक्ष करता है। इस कथन में लेखिका यह दिखाना चाहती हैं कि लड़कियों को एक कठपुतली की तरह पाला जाता है – जो बोल नहीं सकती, अपने फैसले नहीं ले सकती, बस समाज और परिवार की इच्छाओं पर चलती है। दुख की बात यह है कि माता-पिता को भी इस बात पर गर्व होता है कि उनकी बेटी बहुत 'संस्कारी' है यानी बिना सवाल किए आज्ञा मानती है। यह पंक्ति पितृसत्तात्मक सोच पर गहरी चोट करती है और हमे सोचने पर मजबूर करती है कि क्या लड़कियों को इंसान की तरह नहीं बल्कि कठपुतली की तरह ही पाला जाना चाहिए?